जासं • लखनऊ : आवासीय जनकल्याण सेवा महासमिति के अध्यक्ष सुभाष शर्मा व महामंत्री प्रदीप शुक्ला ने संयुक्त बयान में बताया कि लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने का काम 12 मई को किया जाएगा। समिति इंदिरा नगर सेक्टर 12 में सुबह सात बजे गौतमबुद्ध पार्क में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों से जनसंपर्क करके शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जाएगी।




नवयुग कन्या महाविद्यालय ने बुधवार को राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लेकर मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## अमर उजाला



# लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत पहुंचा 65.68

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। एक दिन पहले तक यह 64.58 फीसदी था। चुनाव आयोग ने कहा कि अब भी फील्ड लेवल मतदान अधिकारियों के पास से आंकड़े आ रहे हैं, इसलिए अंतिम आंकड़ा बदल सकता है। देश के 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 93 लोकसभा सीटों पर 7 मई को मतदान हुआ था। सर्वाधिक 85.45 फीसदी वोटिंग असम में जबकि सबसे कम 57.55 फीसदी यूपी में हुई है। ब्यूरो

## अमर उजाला

# इस चुनाव में नोटों की जगह ड्रग्स की रिकॉर्ड सप्लाई

## अब तक 238 करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी, नकदी केवल 34 करोड़ ही सीज हुई

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। इसे चुनाव आयोग की सख्ती का असर ही कहेंगे कि इस बार चुनाव में इस्तेमाल होने वाले कालेधन का रूप ड्रग्स ने ले लिया है। दो हजार रुपये के नोट बंद होने के बाद कैश लाना-ले जाना खतरों से भरा है। यही वजह है कि इस चुनाव में नोटों की जगह ड्रग्स ने ले ली है। ये पहला चुनाव है, जिसमें प्रदेश में ही 238 करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी जा चुकी है और नकदी केवल 34 करोड़ ही सीज हुई है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता 16 मार्च को लगी थी। चुनाव आयोग की 'मनी पावर वाच टीम' ने महज 13 अप्रैल तक ही 4650 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स आदि सीज की, जो 75 साल के संसदीय चुनाव के इतिहास में सबसे ज्यादा था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2019 के लोकसभा चुनावों के सातों चरणों में 3475 करोड़ रुपये सीज किए गए थे।

### दो हजार के नोट बंद होने के बाद चुनाव में ड्रग्स ने ली कालेधन की जगह

गंभीर बात ये है कि कुल जब्त की गई राशि में से करीब आधी ड्रग्स और कोकीन जैसे घातक मादक पदार्थों के रूप में है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार ड्रग्स की जब्ती सबसे ज्यादा है। पिछले पूरे चुनाव के दौरान देशभर में जहां 1239 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई थी। वहीं इस बार केवल तीन चरणों के चुनाव में यूपी में ही 238 करोड़ की ड्रग्स सीज की जा चुकी है। वहीं कैश की जब्ती पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी ज्यादा घट गई। पकड़ी गई ड्रग्स में अफीम, चरस, गांजा से लेकर ब्राउन शुगर तक शामिल हैं। इनकी कीमत 50 हजार रुपये से लेकर दो करोड़ रुपये किलो तक है।

सूत्रों के मुताबिक कैश के बजाय ड्रग्स की धरपकड़ में अप्रत्याशित तेजी की मुख्य वजह दो हजार रुपये के नोट हैं, जो बंद कर दिए गए हैं। उनके मुताबिक पहले चुनाव में इस्तेमाल होने वाले कालेधन को पहुंचाने का जरिया दो हजार के नोट थे। केवल दस गड्डी में ही बीस लाख आसानी से पहुंच जाते थे। पांच सौ के नोटों को लाखों-करोड़ों में ले जाना खतरे से खाली नहीं है। इस बार आयोग की टीमें डाटा इंटेलीजेंस और तकनीक के आधार पर ज्यादा काम कर रही हैं। ऐसे में ड्रग्स ने कैश की जगह ले ली। एक किलो मादक पदार्थ को किसी भी रूप में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया जा सकता है। गंतव्य में इसके एवज में कैश दे दिया जाता है। आयोग ने ड्रग्स की रिकॉर्ड जब्ती को गंभीरता से लिया है।

### दो करोड़ रुपये प्रति किलो है कीमत

मार्च में भगवतीपुर के पिंडरा गांव में एसटीएफ ने म्याऊं-म्याऊं ड्रग की बड़ी खेप पकड़ी थी। इसकी कीमत करीब 30 करोड़ रुपये थी। इसकी कीमत 2 करोड़ रुपये प्रति किलो है। म्याऊं-म्याऊं नाम का ये ड्रग कोकीन या हेरोइन की तरह प्राकृतिक नशीला पदार्थ नहीं है, बल्कि एक सिंथेटिक ड्रग है। इसका असली नाम मेफेड्रोन है। इसे कुछ खास पौधों के कीड़े मारने के लिए एक सिंथेटिक खाद के तौर पर तैयार किया गया था। बाद में इसे नशे के तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा। सीज किए गए मादक पदार्थों में अफीम, चरस, गांजा से लेकर करोड़ों में बिकने वाले ऐसे ड्रग्स भी हैं।

### कैश व शराब पर भारी चरस-अफीम

- **30 मार्च तक :** 17 करोड़ कैश पकड़ा गया, 23 करोड़ की शराब और 38 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई।
- **15 अप्रैल तक :** 24 करोड़ कैश पकड़ा गया, 36 करोड़ की शराब और 56 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई।
- **30 अप्रैल तक :** 32 करोड़ कैश पकड़ा गया, 46 करोड़ की शराब और 218 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई।
- **7 मई तक :** 34 करोड़ कैश पकड़ा गया, 49 करोड़ की शराब और 238 करोड़ रुपये की ड्रग्स सीज की गई।

अमर उजाला

# सातवें चरण के लिए अब तक 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों के लिए अब तक 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बुधवार को 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पूर्व पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। वहीं, दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप चुनाव के लिए अब तक नामांकन शून्य है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए बुधवार को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, घोसी, सलेमपुर, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी और मिर्जापुर से नामांकन किया गया। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जाएगी। 17 मई नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। मतदान एक जून को होगा। ब्यूरो

## तीसरे चरण में 57.55% मतदान

**लखनऊ।** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर 57.55 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप पर संशोधित आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं। हालांकि इन्हें भी लगभग में दिखा गया है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक इन आंकड़ों में मामूली फेरबदल हो सकता है। संभल में 62.91 फीसदी, हाथरस में 55.71, आगरा में 54.08, फतेहपुर सीकरी में 57.19, फिरोजाबाद में 58.53, मैनपुरी में 58.73, एटा में 59.31, बदायूं में 54.35, आंवला में 57.44 और बरेली में 58.03 फीसदी मतदान हुआ है। ब्यूरो

## सोनभद्र में पकड़ी 50 लाख की ड्रग्स

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस और नार्कोटिक्स विभाग द्वारा सात मई तक कुल 384.46 करोड़ की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 34.54 करोड़ नकद, 49.76 करोड़ की शराब और 230 करोड़ की ड्रग्स आदि जब्त की गई। सात मई को प्रमुख जब्ती में भदोही की ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र में 30.11 लाख रुपये की ड्रग्स और सोनभद्र के घोरावल विधानसभा क्षेत्र में 50 लाख रुपये की 25 ग्राम ड्रग्स पकड़ी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। अभी तक पुलिस द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। ब्यूरो

## अमर उजाला

### बैठक कर मतदान करने की अपील

लखनऊ। इंस्टिट्यूशन फाउंडेशन इंडिया की ओर से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के बीच बैठक हुई। बुधवार के आयोजन में रैली, हस्ताक्षर सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। शुरुआत आशियाना के सेक्टर-एम से हुई। संस्था के सभी सदस्यों और वॉलंटियर्स ने आशियाना और सरोजनीनगर क्षेत्र में बैठक की। हाथों में प्लेकार्ड लेकर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। (संवाद)

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## अमर उजाला

# रैली निकाल लोकतंत्र मजबूत करने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** केडी बाबू सिंह स्टेडियम से बुधवार को मतदाता जागरुकता के तहत रैली निकाली गई। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की ओर से आयोजित रैली का समापन हजरतगंज जीपीओ पर किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, उपनिदेशक सूचना मधु, संस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, प्रमोद गोस्वामी, संतोष भगवान व अजय श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल हुए। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की गई। जीपीओ गांधी प्रतिमा पर सीडीओ ने मतदाता शपथ दिलाई और 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।




नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की ओर से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। -अमर उजाला

## बैठक कर मतदान करने की अपील

**लखनऊ।** इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया की ओर से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के बीच बैठक हुई। बुधवार के आयोजन में रैली, हस्ताक्षर सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया गया। शुरुआत आशियाना के सेक्टर-एम से हुई। संस्था के सभी सदस्यों और वॉलंटियर्स ने आशियाना और सरोजनीनगर क्षेत्र में बैठक की। हाथों में प्लेकार्ड लेकर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। (संवाद)

## कुलपति ने मतदान के लिए किया जागरूक

**लखनऊ।** लविवि ने पांचों जिलों के संबद्ध कॉलेजों को एक वार्ड या गांव गोद लेकर मतदान के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।


रायबरेली में मतदान की अपील करते कुलपति प्रो. आलोक राय। स्रोत : स्वयं

इसी क्रम में लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बुधवार को रायबरेली के बछरावां इलाके में पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ डीएलडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

## नवभारत टाइम्स

समाचार पत्र का नाम ................ दिनांक ........

# तीसरे चरण में निकले 1.50 लाख अधिक वोटर, हर सीट पर सीधी लड़ाई

## मतदान में भाजपा-सपा दोनों ही देख रहे अपने लिए बेहतर उम्मीदें

## मैनपुरी में 78 हजार अधिक वोटर निकले



## नवभारत टाइम्स

# सरोजनीनगर में सर्वाधिक 582, कैंट में सबसे कम 330 ईवीएम

■ एनबीटी सं., लखनऊ

**लखनऊ और मोहनलालगंज सीट के लिए ईवीएम और वीवीपैट का हुआ आवंटन**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट पर मतदान के लिए बुधवार को ईवीएम और वीवीपैट का आवंटन हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल के अलावा लखनऊ और मोहनलालगंज के प्रेक्षकों की मौजूदगी में रैंडमाईजेशन करते हुए दोनों सीटों के तहत आने वाली विधानसभा के अनुसार मशीनें दी गईं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय कुमार के मुताबिक सबसे ज्यादा 582 ईवीएम और इतने ही वीवीपैट सरोजनीनगर विधानसभा में इस्तेमाल होंगी। सबसे कम 330 ईवीएम और वीवीपैट कैंट विधानसभा में लगेंगी।

ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के रैंडमाइजेशन के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और पोलिंग एजेंट भी मौजूद रहे। ईवीएम के आवंटन संग बूथ भी तय कर दिए गए हैं। वहीं, लखनऊ पूर्व विस सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए 417 ईवीएम और इतनी ही वीवीपैट आवंटित की गई हैं। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, अपर जिलाधिकारी (भू अ प्रथम) धर्मेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व राकेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह के अलावा एनआईसी के सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मोहन मौजूद रहे।

**मतदान केंद्रों पर लगें टेंट-कूलर :** छावनी में मतदान स्थलों पर लोगों को गर्मी से बचाने के लिए टेंट के साथ ही कूलर लगवाने, कुर्सियों व फूड स्टाल की व्यवस्था पर विचार चल रहा है। इसे लेकर सदर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को प्रिंसिपल डॉयरेक्टर रक्षा संपदा भावना सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने सुविधाएं मुहैया करवाने के साथ ही कई अन्य सुझाव भी दिए हैं।

## नवभारत टाइम्स

# 'नेशन फर्स्ट-वोटिंग मस्ट'




■ एनबीटी, लखनऊः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। एकेटीयू में चलाए गए अभियान के दौरान 'नेशन फर्स्ट, वोटिंग मस्ट' के तहत शतप्रतिशत मतदान की अपील की गई। अभियान के जिला संयोजक अमन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको पूरे उत्साह से शामिल होना चाहिए। इस मौके पर हर्षिता विश्वकर्मा, अर्पित वर्मा, प्रो. रवि शर्मा, ईशान सिंह, प्रिंस तिवारी, अमन, वीरू, अंचल कुमारी मौजूद रहे।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## नवभारत टाइम्स



www.lucknow.nbt.in

### हजरतगंज में रैली निकाल शत-प्रतिशत मतदान की अपील

■ एनबीटी, लखनऊ: नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स उप्र की तरफ से बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। केडी सिंह बाबू स्टेडियम से हजरतगंज से होते हुए जीपीओ स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक निकाली गई रैली के दौरान शतप्रतिशत मतदान का आह्वान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ ही उप निदेशक सूचना मधु ताम्बे ने रैली को रवाना किया। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, प्रदेश महामंत्री संतोष भगवान के साथ ही अजय श्रीवास्तव, अनुपम चौहान, आशीष मौर्य, पद्माकर पांडे, अनुपम पांडे, अभिनव श्रीवास्तव, संरक्षक सुरेंद्र दुबे, अजय कुमार, के बक्स सिंह, मीनाक्षी वर्मा, संगीता सिंह, कुंती निगम, रंजना, गरिमा सिंह, पंकज सिंह, नागेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, अमित सिंह मौजूद रहे।

**इनिशिएटिव फाउंडेशन ने किया जागरूक:** इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया ने शत प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों के बीच बैठक के साथ ही रैली और हस्ताक्षर अभियान चलाया। आशियाना सेक्टर एम स्थित कार्यालय से निकाली गई रैली में शालिनी, प्रवीन, नेहा, संध्या, सरिता, सुरेश, नवीन शामिल हुए।

### 'विकसित भारत के लिए मतदान करें व्यापारी'

आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के लिए व्यापारी मतदान जरूर करें। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने बुधवार को सम्मेलन में व्यापारियों को मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नटवर गोयल, महानगर अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

### 'नेशन फर्स्ट-वोटिंग मस्ट'

■ एनबीटी, लखनऊ: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। एकेटीयू में चलाए गए अभियान के दौरान 'नेशन फर्स्ट-वोटिंग मस्ट' के तहत शतप्रतिशत मतदान की अपील की गई। अभियान के जिला संयोजक अमन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सबको पूरे उत्साह से शामिल होना चाहिए। इस मौके पर हर्षिता विश्वकर्मा, अर्पित वर्मा, प्रो. रवि शर्मा, ईशान सिंह, प्रिंस तिवारी, अमन, वीरू, अंचल कुमारी मौजूद रहे।

## नवभारत टाइम्स

# घर-घर पहुंचने लगी मतदाता पर्ची

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांटने का काम शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर बूथ लेवल अधिकारी काम में जुट गए हैं। हर एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश भी दिए। योजना के मुताबिक 15 मई तक मतदाता पर्ची बांटने का काम पूरा करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल ने बीएलओ के स्तर से मतदाता पर्ची बांटने की समीक्षा करने के साथ ही घर बैठे ऑनलाइन मतदाता पर्ची हासिल करने की जानकारी देने के भी निर्देश दिए हैं। पोर्टल, ऐप और एसएमएस से मतदाता सूची में नाम और मतदान केंद्र की जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही वोटिंग के दिन हर मतदान केंद्र पर हेल्प काउंटर निर्धारित कर बीएलओ की ड्यूटी भी लगा दी गई है।

## कई अन्य विकल्प



- पोर्टल voters.eci.gov.in, voterportal.eci.gov.in या ceouttarpradesh.nic.in पर जाकर पर्ची हासिल कर सकते हैं।
- 1950 नंबर पर ECI <स्पेस> (मतदाता सूची का एपिक नंबर) लिखकर मेसेज कर भी मतदाता पर्ची हासिल की जा सकती है।
- **बूथ लोकेशन,** मतदाता सूची तथा बूथ पर मतदाताओं की लाइन से जुड़ी जानकारी वेबसाइट boothlocation.in से हासिल की जा सकती है।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांक: 09 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

समाचार पत्र का नाम .................................................... दिनांक ..........................



# सातवें चरण के दूसरे दिन भरे गये 14 पर्चे

■ दो दिन में 19 नामांकन पत्र दाखिल

■ प्रत्याशी 14 तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन पत्र

लखनऊ (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव के सातवें व अन्तिम चरण की उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए बुधवार को दूसरे दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। दो दिनों में इन सीटों के लिए 19 पर्चे भरे जा चुके हैं। इसके साथ ही सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर आज कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। इस सीट के लिए प्रत्याशी 14 मई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य चल रहा है। इसके साथ ही सोनभद्र जिले की दुद्धी (अनुसूचित जनजाति) विधानसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये जा रहे हैं। इन सीटों के लिए दूसरे दिन 14 प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की। इसमें महराजगंज सीट से निर्दलीय प्रत्याशी छेदी मजदूर, गोरखपुर से अलहिन्द पार्टी के श्रीराम प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम सेहरा, कुशीनगर से अपना दल यूनाइटेड पार्टी के अमीरुद्दीन, देवरिया से जनता समता पार्टी के मुक्तिनाथ सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी हरिकेश, घोसी से बसपा के बाल कृष्ण, जनराज्य पार्टी के राम नरेश यादव तथा सलेमपुर से भाजपा के रवीन्द्र ने नामांकन किया। इसी तरह गाजीपुर से भारतीय लोकवाणी पार्टी के धनन्जय कुमार तिवारी, चन्दौली से बसपा के सत्येन्द्र, वाराणसी से अपना दल (कमेरावादी) के गगन प्रकाश, राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रान्ति पार्टी के पारस नाथ केसरी तथा मिर्जापुर से निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार ने नामांकन किया। सोनभद्र जनपद की दुद्धी विस के उप चुनाव को लेकर बुधवार को भी कोई पर्चा नहीं भरा गया। इन सीटों के लिए प्रत्याशी 14 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 15 मई को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 17 मई को नामांकन पत्र वापसी के साथ चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य किया जाएगा तथा मतदान पहली जून को होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

**अब तक 38446.31 लाख की सामग्री जब्त :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अब तक 38446.31 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। भदोही की ज्ञानपुर विधानसभा में 30.11 लाख रुपये की 100390 ग्राम ड्रग तथा सोनभद्र की घोरावल विधानसभा में 50 लाख रुपये की 25 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्यीय तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये व 4704 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 8946 अवैध शस्त्र, 9035 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 508 बम बरामद कर सीज किये गये। शांति भंग की आशंका में अब तक 2393679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 14661483 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 9010367 तथा निजी स्थानों से 5651116 प्रचार-प्रसार सामग्री शामिल है। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1280 तथा लाउडस्पीकर एक्ट उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गयी।

## राष्ट्रीय सहारा

# प्रेक्षकों की निगहबानी में मशीनों का बूथ अलाटमेंट

लखनऊ (एसएनबी)। कलेक्ट्रेट एनआईसी केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार की तरफ से 20 मई को होने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन/ विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का विधानसभा वार द्वितीय रैंडमाइजेशन (आवंटन) 35 लखनऊ लोक सभा के सामान्य प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा और 34 मोहनलालगंज लोस के सामान्य प्रेक्षक एन वसंत कुमार, पुलिस प्रेक्षक और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों/ अभ्यर्थियों/ पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में किया गया।

**दोनों लोकसभा व पूर्वी विधान सभा उपचुनाव के लिए किया गया मशीनों का आवंटन**

इस प्रक्रिया में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी भू अ प्रथम धर्मेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, एनआईसी सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मोहन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर उपस्थित रहे।



**लोकसभा 34 मोहनलालगंज :** बक्शी का तालाब में 487 बैलट यूनिट, 487 कंट्रोल यूनिट और 487 वीवीपैट यूनिट का आवंटन किया गया। मलिहाबाद विस में 405 बैलट यूनिट, 405 कंट्रोल यूनिट और 405 वीवीपैट का रैण्डम आवंटन किया गया। मोहनलालगंज में 399 बैलेट यूनिट, 399 कंट्रोल यूनिट और 399 वीवीपैट का निर्धारण किया गया। सरोजनीनगर में 582 बैलेट यूनिट, 582 कंट्रोल यूनिट और 582 वीवीपैट का निर्धारण किया गया। सिधौली में 389 बैलेट यूनिट, 389 कंट्रोल यूनिट और 389 वीवीपैट का निर्धारण किया गया।

**लोक सभा 35 लखनऊ :** लखनऊ कैंट में 330 बैलेट यूनिट, 330 कंट्रोल यूनिट और 330 वीवीपैट का रैण्डम आवंटन किया गया। लखनऊ मध्य में 339 बैलेट यूनिट, 339 कंट्रोल यूनिट और 339 वीवीपैट व लखनऊ पूर्व में 417 बैलेट यूनिट, 417 कंट्रोल यूनिट 417 वीवीपैट व लखनऊ उत्तर में 395 बैलेट यूनिट, 395 कंट्रोल यूनिट और 395 वीवीपैट का आवंटन किया गया। लखनऊ पश्चिम में 414 बैलेट यूनिट, 414 कंट्रोल यूनिट और 414 वीवीपैट यूनिट का आवंटन किया गया।

**विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व उप निर्वाचन :** लखनऊ पूर्व में 417 बैलेट यूनिट, 417 कंट्रोल यूनिट और 417 वीवीपैट का रैण्डमाइजेशन किया गया।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

### मतदान बढ़ाने को कैण्ट बोर्ड करेगा विशेष व्यवस्थाएं

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच हो रहे चुनाव में मतदान प्रतिशत में इजाफा हो इसके लिए व्यापार मंडल के अनुरोध पर छावनी परिषद अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोलिंग बूथों पर विशेष व्यवस्थाएं कराएगा। सदर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सतबीर सिंह 'राजू' के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रक्षा सम्पदा मध्य कमान की प्रधान निदेशक भावना सिंह से मिले और मतदान स्थलों पर जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग का ज्ञापन भी सौंपा। इस पर भावना सिंह ने मौजूद कैण्ट बोर्ड के सीईओ अभिषेक राठौर को जरूरी इंतजाम कराने के निर्देश दिये। बताते हैं कि सीईओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि कैण्ट बोर्ड छावनी के पोलिंग स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं कराएगा। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिए ई-रिक्शा की सुविधा भी मुहैया कराने को कहा गया है।



# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

### एनसीसी कैडेट ने चलाया जागरूकता अभियान

लखनऊ। कोई मतदाता न छूटे के तहत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर ने राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लेने का निर्णय लिया है। इसके तहत बुधवार को महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर (डा.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान के लिए राजेंद्र नगर वार्ड के अंतर्गत भाग संख्या 153 से 157 तक के मतदाताओं के घर-घर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं ने सभी को प्रेरित किया कि 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें क्योंकि प्रत्येक वोट की कीमत होती है।



## राष्ट्रीय सहारा

# सीडीओ व नगर आयुक्त ने दिलाई शपथ



लखनऊ (एसएनबी)। नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बुधवार को मतदाताओं को जागरूक करने करने के उद्देश्य पत्रकारों की एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू होकर हजरतगंज से होती हुई जीपीओ में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुई।

रैली का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने झंडी दिखाकर किया। रैली में राजधानी के पत्रकारों सहित स्कूल के बच्चों और समाज सेवियों ने भी हिस्सा लिया। रैली के अंत में सीडीओ अजय जैन व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सैकड़ों लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। रैली में डीआईओएस राकेश कुमार, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, प्रदेश महामंत्री संतोष भगवान, प्रदेश संगठन मंत्री अजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान के अलावा मधु दुबे, आशीष मौर्य, पद्माकर पांडे, अनुपम पांडे, अभिषेक श्रीवास्तव के अतिरिक्त संरक्षक वीरेंद्र दुबे, अजय कुमार, के. बक्श सिंह, मोनाली वर्मा, संगीता सिंह, कोशी निगम, रंजना, गरिमा सिंह और पंकज सिंह, नागेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, मनीष वर्मा, अमित सिंह, सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य रैली में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय सहारा

# मतदान से बढ़ेगा देश का सम्मान

लखनऊ (एसएनबी)। व्यापारी समाज आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए अनिवार्य रूप से मतदान करे। शत-प्रतिशत मतदान ही आम जनमानस में निर्वाचन को लेकर व्याप्त विसंगति को समाप्त कर व्यापारी वर्ग का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान को लेकर व्यापारी वर्ग पर उदासीन होने का आरोप लगता रहा है। इसलिए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने व्यापारी वर्ग से शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। श्री गर्ग बुधवार को लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैश्य नटवर गोयल एवं लखनऊ महानगर के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल भी उपस्थित थे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश के नवनिर्माण, समाज के पिछड़ों और वंचितों के कल्याण के लिए हमेशा समर्पित रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार को सर्वाधिक राजस्व व्यापारी वर्ग कर के रूप में देता है। इसी राजस्व से राज-कोष में वृद्धि होती है, जिसकी परिणति जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के रूप में वंचितों, पिछड़ों एवं जरूरतमंदों के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने कहा कि देश में कर चोरी रोकने की दिशा में जीएसटी सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ है। ईमानदार व्यापारियों ने हमेशा बढ़-चढ़कर देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करता रहा है। कर चोरी या घटतौली जैसे कथित आरोप के बावजूद व्यापारी वर्ग ने भामाशाह की तरह राष्ट्र निर्माण की यज्ञ में अपनी समिधा देने से कभी भी पीछे नहीं हटता है। उन्होंने कहा कि व्यापार समाज पर निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान को लेकर उदासीन होने का आरोप है। उन्होंने कहा मेरा विश्वास है कि इस बार के चुनाव में भी व्यापारी वर्ग अपनी शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

## राष्ट्रीय सहारा



### अवैध असलहों का जखीरा बरामद

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## राष्ट्रीय सहारा

### नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक



# Pioneer

## Phase V LS polls: 695 candidates in fray

PIONEER NEWS SERVICE ■ NEW DELHI

A total of 695 candidates are in the fray across 49 constituencies spread over eight states and Union territories in the upcoming fifth phase of the Lok Sabha polls on May 20, the Election Commission (EC) said on Wednesday.

The figure emerged after the scrutiny of 1,586 nomination forms filed for the fifth phase of the ongoing polls. Of the nominations, 749 were found to be valid after the deadline for filing papers closed on May 3, according to a statement issued by the EC.



The statement said 695 candidates will contest the polls from eight states and Union territories in the fifth phase.

Maharashtra topped the list with 512 nominations, resulting in 301 valid candidates contesting across 13 constituencies, while Uttar Pradesh followed closely with 466 nominations, leading to 147 valid candidates across 14 constituencies.

The highest number of nominations in a single constituency was seen in Maharashtra's Chatra, which received 69 candidatures, followed by Lucknow in Uttar Pradesh with 67 nominations.

Each constituency in the fifth phase is expected to witness an average of 14 contesting candidates, reflecting a diverse range of political options for the voters.

The state-wise breakdown o the nominations and vali candidates after the scrutin showcases the dynami electoral landscape across th country. Bihar, Jammu an Kashmir, Jharkhand, Ladakl Maharashtra, Odisha, Utta Pradesh and West Beng together form the crux of th fifth phase, encompassing significant portion of th country's electorate, th statement said. Three phase of polling have so far bee held in the seven-phas election.

# Pioneer

## Candidates asked to ensure accounting in expenditure list

PNS ■ LUCKNOW

In view of the Lok Sabha elections and assembly bypoll, District Magistrate and District Election Officer Surya Pal Gangwar held a meeting in the Collectorate auditorium.

In the meeting, the district election officer said that all information would be made available to the candidates from time to time through the WhatsApp group.

Along with this, all the candidates should study the online candidate handbook by printing it. Also, they should ensure compliance with it by studying the handbook related to the Model Code of Conduct, he added.

The district election officer said that the rate list related to election expenditure had also been uploaded on www.lucknow.nic.in. He said that the candidates should ensure accounting in the expenditure register as per the rate list.

The district election officer said that applications for election related permissions could be made on the Suvidha Portal 48 hours in advance.

He further said that for any information related to permissions, one could contact the official concerned at Room No 58 on the second floor of the Collectorate. Along with this, the district election officer said that training would be given through Zoom on how to apply for permission on the Suvidha Portal.

The general observer for Lucknow Lok Sabha constituency informed that no meeting, rally or any election related publicity will be done without permission.

"It is mandatory to take permission for election campaigning," he said.

General observer for Mohanlalganj Lok Sabha constituency informed that only the number of vehicles for which permission has been taken will be used.

The district election officer informed that provision of drinking water will be permissible in election related events and permission will not be required for this but its expenditure will have to be accounted for in the expenditure register.

The district election officer said that social media was also being strictly monitored to ensure compliance with the Model Code of Conduct. "No candidate will upload content on the social media platform without getting it approved," he added.

The joint commissioner of police said that security was being provided to the recognised political parties. The JCP said if independent candidates also wanted security, they could apply for it and security would be provided to them as per their demand.

Expense registers were made available to all the candidates in the meeting.

The district election officer informed that according to Section 77 of the Representation of People's Act, 1951, the complete account of the expenses from the date of nomination to the day of results has to be made in the register.

He said it was mandatory for all the candidates to have a separate bank account for the election.

# Pioneer

## Two more file nomination papers

PIONEER NEWS SERVICE ■ VARANASI

Two more candidates filed their papers on the second day of nomination for the 77-Varanasi Parliamentary Constituency under Lok Sabha General Election, 2024, here on Wednesday. Gagan Prakash filed his nomination from Apna Dal (Kamerawadi) and Paras Nath Keshari from Rashtriya Samajwadi Jan Kranti Party. Apart from this, three nomination forms were taken whereas people have also received 22 treasury challans. Those who also took nomination papers are Gagan Prakash of Apna Dal Kamerawadi, Riyazuddin (Independent) and Rajesh Kumar Surya (Rashtriya Ambedkar Dal). With this the total number of candidates who filed papers from Varanasi Lok Sabha seat has gone up to four as on the first day, two candidates had filed nomination papers. They were Koli Shetty Shivakumar (Independent) and Abhishek Prajapati (Bahadur Aadmi Party).



A candidate filing nomination papers in Varanasi on Wednesday

Earlier, District Magistrate/District Election Officer (DEO) S Rajalingam conducted a surprise inspection of the control room set up for the smooth conduct of the Lok Sabha General Election, 2024 at Vikas Bhawan auditorium here on Tuesday. During the inspection, he instructed the officers concerned to ensure effective disposal of election related complaint applications on priority basis. He also inspected the register related to the complaint applications. The DM/DEO reviewed the work done so far related to media certification, social media and violation of model code of conduct etc and gave necessary guidelines to the officers concerned.

Chief Development Officer (CDO) Himanshu Nagpal, Additional District Magistrate (Finance/ Revenue) Vandana Srivastava, Incharge (Social Media) Rajiv Rai, Member Secretary (MCMC) / District Information Officer (DIO) Surendra Nath [illegible] and others were also present.

## पायनियर

# सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों पर अब तक 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई, 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन का कार्य चल रहा है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 8 मई को 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पूर्व 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए अब तक नामांकन शून्य है। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के मध्य किये जा सकेंगे।

● **14 मई नामांकन की अंतिम तिथि, 1 जून को होगा मतदान**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 8 मई को 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं सोनभद्र जनपद की दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन शून्य रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई, 2024 नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। सातवें चरण का मतदान 1 जून, 2024 को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 4 जून, 2024 को मतगणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

# समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## पायनियर

# नवयुग कन्या महाविद्यालय ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




'कोई मतदाता ना छूटे' इस उद्देश्य से तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देशानुसार नवयुग कन्या महाविद्यालयए राजेंद्र नगर, लखनऊ द्वारा राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लेने का निर्णय लिया गया और उसी के तहत आज दिनांक 8 मैं 2024 को एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु राजेंद्र नगर वार्ड. के अंतर्गत भाग संख्या 153 से 157 तक के मतदाताओं के घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया और सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें क्योंकि 'प्रत्येक वोट की कीमत होती है' सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही देश से ही मायने में विकास की ओर उन्मुख हो सकता है।

भाग संख्या 153 से 157 तक में लगभग 5000 मतदाता हैं जो दीनदयाल मार्गए दुगावा, विधायक निवास यूपीआईएल तथा महाविद्यालय के आसपास के इलाकों के निवासी हैं। आज के जागरूकता अभियान में कैडेट पलक गुप्ता, नैंसी विश्वकर्मा, महक सिंह, शिप्रा गौतम, ज्योति राजपूत, रेशमा कुमारी, माया यादव, साक्षी सोनकर, एंसोनल सिंह, शिवानी वर्मा, आयुषी शर्मा, शिवानी पाल, सरिका पटेल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में दिसंबर 2023 से लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिताए रंगोली सजावट, 18 वर्ष से ऊपर की समस्त छात्राओं का 'नव मतदाता पंजीकरण' संभाषण प्रतियोगिता, जाति धर्म और लालच के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की 'मतदाता शपथ' 'कार्यशाला' का आयोजन जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के वीडियो द्वारा वोटर हेल्पलाइनए वोटर पोर्टल के माध्यम से मतदान संबंधी जरूरी जानकारी रैली के माध्यम से महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्रों में जन सामान्य को 20 मई को होने वाले मतदान में बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करके सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भूमिका का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया गयाए संकल्प पत्र भरवाये गए और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्राओं के साथ.साथ परिवार जनों को भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## समाचार पत्रों की निरीक्षा आख्या दिनांकः 09 मई, 2024

## आज

र पत्र का नाम .................................................. दिनांक ..............




कलेक्ट्रेट में लोकसभा निर्वाचन के सम्बंध में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। छाया-आज

## आज

# लोकसभा चुनावः परखी गयी ईवीएम और वीवीपैड मशीनें

**डीएम ने की आधा दर्जन मशीनों की जांच**

[illegible]